Downloaded from readaxis.com

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र–2023–2024

इतिहास (केवल प्रश्नपत्र)

कक्षा–12

समय : तीन घण्टे 15 मिनट  पूर्णांक : 100

**निर्देश** : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।

**नोट** :(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) इस प्रश्नपत्र में पाँच खण्ड है। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न है, खण्ड 'ख' में 05 अति लघु उत्तरीय प्रश्न है, खण्ड 'ग' में 06 लघु उत्तरीय प्रश्न है खण्ड 'घ' में 03 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न है तथा खण्ड 'ङ' में ऐतिहासिक तिथियों व मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके सामने अंकित है।

खण्ड–'क'

बहुविकल्पीय प्रश्न–

1– निम्नलिखित में से कौन हड़प्पा सभ्यता की विशेषता <u>नही</u> थी। 1 अंक

(क) इस सभ्यता की भवन व सड़कें पक्की ईटों से बनी होती थी।
(ख) सड़कें एक दूसरे को समकोण पर काटती थी।
(ग) यह एक ग्रामीण सभ्यता थी।
(घ) इसे कांस्ययुगीन सभ्यता भी कहा जाता है।

2– विजय नगर और बहमनी राज्य के बीच संघर्ष का क्या कारण था? 1 अंक

(क) कृष्णा और कावेरी का दोआब
(ख) कृष्णा और तुंगभद्रा का दोआब
(ग) कावेरी और तुंगभद्रा का दोआब
(घ) कृष्णा और भीमा का दोआब

3– चोल, चेर और पांड्य जैसे राज्यों का उदय किस क्षेत्र में हुआ था? 1 अंक

(क) कलिंग
(ख) तक्षशिला
(ग) तमिलकम्
(घ) कौशाम्बी

4– **"नलयिरादिव्यप्रबंधम्"** का सम्बन्ध निम्नलिखित मे से किससे था? 1 अंक

(क) शैव सन्तों का काव्य संकलन
(ख) अलवार सन्तों का काव्य संकलन
(ग) जैन संतो का काव्य संकलन
(घ) इनमें से कोई नही

readaxis.com

Downloaded from readaxis.com

5– निम्नलिखित को सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिये– 1 अंक

| | |
|---|---|
| (अ) बाजरे के दाने | (1) काली बंगन |
| (ब) मिट्‌टी से बने हल का प्रारूप | (2) गुजरात |
| (स) जुते हुये खेत के साक्ष्य | (3) शोर्तुघई |
| (द) नहरों के अवशेष | (4) बनावली |

(क) अ–2, ब–4, स–1, द–3
(ख) अ–1, ब–2, स–3, द–4
(ग) अ–3, ब–1, स–2, द–4
(घ) अ–4, ब–1, स–2, द–3

6– अकबर के समय **'पोलज'** भूमि की विशेषता थी– 1 अंक
(क) ऐसी भूमि जिस पर कुछ दिनों के लिये खेती रोक दी जाती थी।
(ख) ऐसी भूमि जो तीन या चार वर्ष तक खाली रहती थी।
(ग) ऐसी भूमि जिसमें एक के बाद एक हर फसल की सालाना खेती होती थी।
(घ) ऐसी भूमि जिस पर पाँच या उससे ज्यादा वर्षों से खेती नही की गयी हो।

7– **'इस्तमरारी बन्दोबस्त'** के अन्तर्गत – 1 अंक
(अ) ईस्ट इंडिया कम्पनी ने राजस्व की राशि निश्चित कर दी।
(ब) इस व्यवस्था को बंगाल में लागू किया गया।
(स) इस व्यवस्था को लागू करने के समय कार्नवालिस बंगाल का गवर्नर था
(द) निर्धारित राजस्व राशि जमा न करने पर जमींदार की संपदा नीलाम करने की व्यवस्था थी।

(क) अ और ब
(ख) ब और स
(ग) स और द
(घ) उपर्युक्त सभी

8– 1798 ई0 की सहायक संधि के प्रारूप को किसने तैयार किया था? 1 अंक
(क) लार्ड डलहौजी
(ख) लार्ड कैनिंग
(ग) हेनरी हार्डिंग
(घ) लार्ड वेलेजली

9– चौरी–चौरा की हिंसक घटना के बाद किस आन्दोलन को स्थगित कर दिया गया? 1 अंक
(क) भारत छोड़ो आन्दोलन
(ख) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(ग) असहयोग आन्दोलन
(घ) होमरूल आन्दोलन

10– संविधान सभा मे "ऐतिहासिक उद्देश्य" का प्रस्ताव किसने पेश किया था? 1 अंक
(क) महात्मा गाँधी
(ख) जवाहर लाल नेहरू
(ग) राजेन्द्र प्रसाद
(घ) वल्लभ भाई पटेल

readaxis.com

Downloaded from readaxis.com

खण्ड–'ख'

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न–

11– अकबर के काल में खुद–काश्त व पाहि–काश्त किसानों में क्या अन्तर था ? 1+1 अंक

12– भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है? वह भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के जनरल कब बने? 1+1 अंक

13– बुद्ध के जीवन में निम्नलिखित स्थानों का क्या सम्बन्ध है? ½+½+½+½¾=2 अंक

(क) लुंबिनी

(ख) बोध गया

(ग) सारनाथ

(घ) कुशीनगर

14– 1857 के विद्रोह के किन्ही दो प्रमुख केन्द्रो तथा उनके नेताओं के नाम लिखिये? ½+½+½+½=2 अंक

15– भारत का संविधान कब लागू हुआ? संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे? 1+1 अंक

खण्ड–'ग'

लघु उत्तरीय प्रश्न–

16– साँची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका का वर्णन कीजिए? 05 अंक

17– अभिलेखों के अध्ययन के समय, अभिलेखशास्त्रियों को होने वाली कुछ समस्याओं की सूची बनाइये? 05 अंक

18– बे शरिया और बा शरिया सूफी परम्परा के बीच एकरूपता और अन्तर दोनो को स्पष्ट कीजिए? 05 अंक

19– विजय नगर की जल– आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जाता था? 05 अंक

20– स्थाई बन्दोबस्त में जमींदार अपनी जमींदारियों पर किस प्रकार नियंत्रण बनाये रखते थे? 05अंक

21– संविधान सभा के सामने पेश किये गये **"उद्देश्य प्रस्ताव"** में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था? 05 अंक

खण्ड 'घ'

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न–

22– पुरातत्वविद् किस प्रकार अतीत का पुनर्निर्माण करते है? 10 अंक

अथवा

स्तूप क्यों और किस प्रकार बनाये जाते थे? 5+5 अंक

23– स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान अवध में विद्रोह इतना व्यापक क्यों था? किसान, ताल्लुकेदार और जमींदार उसमें क्यों शामिल हुये? 5+5 अंक

अथवा

असहयोग आन्दोलन एक तरह का प्रतिरोध था। स्पष्ट कीजिए। यह आन्दोलन क्यों स्थगित किया गया? 5+5 अंक

24– सूफी मत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिए? 10 अंक

अथवा

**''किताब–उल–हिन्द''** पर लेख लिखिये। 10 अंक

readaxis.com

Downloaded from readaxis.com

**खण्ड–'ङ'**

25– निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए–

(क) 321 ईसा पूर्व 1 अंक
(ख) 78 ई0 1 अंक
(ग) 712 ईसा पूर्व 1 अंक
(घ) 1206 ई0 1 अंक
(ङ) 1347 ई0 1 अंक
(च) 1510 ई0 1 अंक
(छ) 1526 ई0 1 अंक
(ज) 1986 ई0 1 अंक
(झ) 1856 ई0 1 अंक
(ञ) 1935 ई0 1 अंक

**26– मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न–**

दिये गये भारत के रेखा– मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों का अंकन (●) चिन्ह द्वारा दर्शाइये तथा उनके नाम भी लिखिये। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए 1+1 अंक निर्धारित है।

1– वह स्थान जहाँ से जुते हुये खेत का साक्ष्य मिला है। 1+1 अंक
2– वह स्थान जो चन्द्रगुप्त मौर्य की राजधानी थी। 1+1 अंक
3– वह स्थान जहाँ शेख सलीम चिश्ती की दरगाह है। 1+1 अंक
4– वह स्थान जहाँ से 1857 ई0 का विद्रोह प्रारम्भ हुआ। 1+1 अंक
5– वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नमक कानून तोड़ा । 1+1 अंक

**(केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या–26 के मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)**

1– जुते हुए खेत का साक्ष्य किस स्थान से मिला है? 2 अंक
2– चन्द्रगुप्त की राजधानी किस स्थान पर थी। 2 अंक
3– शेख सलीम चिश्ती की दरगाह किस स्थान पर है? 2 अंक
4– 1857 ई0 का विद्रोह कहाँ से प्रारम्भ हुआ? 2 अंक
5– गाँधी जी ने नमक कानून कहाँ तोड़ा? 2 अंक

readaxis.com